आयोजन | सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में प्राधिकरण ने स्वच्छता प्रोत्साहन समारोह किया आयोजित

स्वच्छता में सभी खुद को समझें ब्रांड एम्बेसडर : रितु माहेश्वरी

जागरण संवाददाता, नोएडा : विकास कार्य और सफाई में जितना पैसा नोएडा में खर्च होता है, शायद ही देश में कहीं होता होगा। शहर को सफाई के मामले में देश में अव्वल स्थान पर लाने के लिए इंडस्ट्री, आरडब्ल्यूए, सामाजिक संगठन सहित सभी को प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करना होगा।

अकेले प्राधिकरण कुछ नहीं कर सकता। बिना लोगों के सहयोग के स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में देश में अव्वल आना नोएडा के लिए संभव नहीं है। आज सम्मानित हुए लोग खुद को नोएडा का ब्रांड एम्बेसडर समझ सफाई के मामले में और मेहनत से काम करें। ये बातें नोएडा प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने कही।

सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन को सम्मानित करती नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ● जागरण

वह सेक्टर-6 इंदिरा गांधी कला केंद्र में प्राधिकरण की ओर से आयोजित स्वच्छता सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि थीं। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले 125 लोगों को नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विजेताओं को मिला सम्मान : इस मौके पर नोएडा स्वच्छ सिटीजन कांटेस्ट के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें स्वच्छता शार्ट फिल्म मेकिंग में अनिरुद्ध कश्यप प्रथम, मान्या गोयनका द्वितीय व अंजलि सचदेवा तृतीय रहीं। वहीं स्वच्छता जिंगल मेकिंग में विनोद कुमार पांडेय व क्षितिज वेदी प्रथम, सोनल अरोड़ा व सुपर्ण भूषण सूद द्वितीय तथा नव ऊर्जा संस्थान की अंजलि सचदेवा व डीएवी पब्लिक स्कूल की सरला चोपड़ा तृतीय रहीं। प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार, द्वितीय को 15 हजार व तृतीय पुरस्कार 10 हजार रुपये का दिया गया।

ये एंटरप्रिनियोर्स हुए सम्मानित

नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर चेयरमैन ललित ठुकराल, यूफ्लेक्स के लीगल एंड कारपोरेट अफेयर्स दिनेश जैन को सम्मानित किया गया। सतर्क नागरिक में पवन यादव, अमित गुप्ता, अभिष्ट कुसुम गुप्ता, एसके जैन, रेनू कालरा, प्रीति शर्मा,आकांक्षा सिंह, अनीता जोशी, राजीवा सिंह, तरुनिमा वाजपेयी, संजीव कुमार, सोनू याद, सुनील वाधवा, संजय मावी समेत अन्य शामिल रहे।